जारी 22/5/19

कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून– 248001
फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724

सख्याः 2407 /XXV–(P-7)/2008 देहरादूनः दिनाक 22 मई, 2019.

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी/
सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,
जिला निर्वाचन कार्यालय
रूद्रप्रयाग।

विषयः– **सूचना के अधिकार के अन्तर्गत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्र का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अनु सचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–925/रा0नि0आ0–1/2626/2019 दिनांक 21 मई, 2019 के साथ संलग्न श्री जमन सिंह रावत, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम कमोल्डी, पोस्ट–क्वाली, जनपद–रूद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड के प्रार्थना पत्र दिनांक 07 मई, 2019 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा चाही गयी वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अन्तर्गत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

(डी0पी0डंगवाल)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी OIC

पृ0संख्या 2407 /XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि श्री जमन सिंह रावत, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम कमोल्डी, पोस्ट–क्वाली, जनपद–रूद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर)

((डी0पी0डंगवाल)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी OIC

rti 2019

प्राप्त – 21/5/19

सूचना
का अधिकार

सत्यमेव जयते

राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड

निर्वाचन भवन, लाडपुर, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष . 0135–2673011, 2671671 टैलीफैक्स : 0135–2670998, 2678945 E-Mail : sec.uttarakhand@gmail.com

संख्या– 925 /रा0नि0आ0–1/2626/2019 दिनांक 21 मई, 2019

सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तातंरण के लिए प्रपत्र

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी/
अनुभाग अधिकारी,
कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,
सचिवालय परिसर, देहरादून।

महोदय,

कृपया श्री जमन सिंह रावत, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम कमोल्डी, पोस्ट–क्वाली, जनपद–रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड का सूचना अनुरोध–पत्र दिनांक 07.05.2019 जो राज्य निर्वाचन आयोग में दिनांक 20.05.2019 को प्राप्त हुआ है। अनुरोधकर्ता के उक्त अनुरोध–पत्र की छायाप्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि अनुरोध–पत्र में चाही गयी सूचना आपके विभाग से संबंधित है, कृपया अनुरोधकर्ता को अपने स्तर से नियमानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस पत्र की एक प्रति अनुरोधकर्ता को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

21/5/19
(बी0पी0कोठारी)
अनु सचिव/
लोक सूचना अधिकारी।
मो0नं0–7534820707

संख्या– /रा0नि0आ0–1/2626/2019 तद्दिनांक।(पंजीकृत)

प्रतिलिपिः– श्री जमन सिंह रावत, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम कमोल्डी, पोस्ट–क्वाली, जनपद–रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ।

(बी0पी0कोठारी)
अनु सचिव/
लोक सूचना अधिकारी।

253/31/85/19

P.I.O.

20-5-19

(के0 सी0 चौधरी)
निजी सचिव
राज्य निर्वाचन आयुक्त
उत्तराखण्ड

प्रेषक

जमन सिंह रावत,
ग्राम कमोल्डी पोस्ट ऑफिस क्वाली,
जनपद रूद्रप्रयाग, (उत्तराखण्ड)।

सेवा में,

श्रीमान राज्य मुख्य चुनाव अधिकारी
उत्तराखण्ड देहरादून।

विषय–प्रथम सूचना अधिकार कानून धारा 19 (1) मत केन्द्र के सम्बन्ध में।

माननीय श्रीमान,

सविनय निवेदन है कि मैं एक भारतीय नागरिक हूँ और चुनावों में हर बार अपने मत का प्रयोग करता हूँ। कृपया मुझे उपरोक्त आर.टी.आई के तहत निम्न सूचना प्रदान की जाये–

1. राज्य में जब वर्ष 2017 में विधान सभा के चुनाव हुए और फिर 2019 में लोक सभा के चुनाव हुए दोनो बार ग्राम सभा कमोल्डी में मतदान केन्द्र था पर कमोल्डी ग्राम सभा के आधे से अधिक मतदाताओं के नाम पिपली ग्राम सभा के मतदान केन्द्र में थे। जहां कि उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया जबकि आधे से कम मतदाताओं के नाम अपने ग्राम सभा कमोल्डी के मतदान केन्द्र में थे। इसके सम्बन्ध में लिखित में सत्यापित कापी उपलब्ध करवाई जायें ऐसा क्यों हुआ?

श्री न.भा.व.
20/5/19
(पी॰ पी॰ कोठारी)
अनु सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

2. क्या ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव पंचायत राज एक्ट 1961 एवं संसोधित एक्ट 1994 के तहत ग्राम सभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके (इस के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग) को भेजा गया था यदि हाँ तो प्रस्ताव की सत्यापित की कापी उपलब्ध करवाई जायें।

उपरोक्त दोनों बिन्दुओं मध्यनजर रखते हुए लगता है कि आचार सहिता का पूर्ण रूप से उल्लन हुआ है इसके सम्बन्ध में जबाव समय अवधि तक उपलब्ध करवाने की कृपा करें।

नोटः– भारतीय डाक पोर्टल नं. 47F-987684 दिनांक 2/5/19 ......10/– रूपये फीस साथ संलग्न हैं।

दिनांकः– 7/5/2019

प्रार्थी
(जमन सिंह रावत)
समाजिक कार्यकर्त्ता
मो. 9878067474